NBT
नवभारत टाइम्स

9700 kg जहरीला जीरा बरामद, Cancer खा रहे दिल्ली वाले, हथेली पर रखें 5 दाने, 5 सेकंड में चेक करें नकली जीरा

खान-पीने की चीजों जैसे आटा, चावल, दूध, तेल, घी और चीनी लगभग सभी चीजों में मिलावट आम बात है लेकिन क्या अप जानते हैं कि आपके किचन में मौजूद जीरा सहित अन्य मसालों को भी केमिकल के जरिए नकली तरीके से बनाया जाता है।

TOI की रिपोर्ट (ref) के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने नकली जीरा बनाने वाले रैकेट का पर्दाफाश किया है। बवाना इलाके में इस कारखाने से 485 बोरे नकली जीरा बरामद हुआ। हर बोरे में 20 किलो मिलावटी जीरा था। ये लोग पत्थर का चूरा, सूजी और घास के पेस्ट से नकली जीरा बनाते थे। ये नकली जीरा खारी बावली और राजस्थान, यूपी के थोक बाजारों में बेचा जाता था। स्थानीय लोगों की सूचना पर FSSAI और पुलिस ने मिलकर छापा मारा।

नकली जीरे का सेवन आपकी सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचा जा सकता है। यह कैंसर से लेकर किडनी की पथरी जैसी खतरनाक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बना सकता है। FSSAI ने बताया है कि नकली जीरे की पहचान कैसे की जा सकती है और इसके क्या खतरे हैं।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/lifestyle/health/9700-kg-adulterated-jeera-seized-in-delhi-this-can-be-cause-of-cancer-2-easy-tips-to-identify-fake-jeera-in-just-2-minutes/articleshow/117421451.cms?story=1